प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
फर्द अहकाम
(नियम 26)
अज अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ
मोहनलाल बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 एलआरएक्ट. नम्बर 67 सन–2021

तरीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियल जज	नम्बर व तारिख
06.10.2021	प्रशासन गांव के अभियान कैम्प कोर्ट श्योरानी में प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र पेश किया प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी /अधिवक्ता ने निवेदन किया की रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 514/527 की कुल 7.0820हैक भूमि में प्रार्थीगण का नाम मोहनलाल पुत्र नत्थूराम , किशनलाल पुत्र नत्थुराम, दर्ज है जबकि प्रार्थीगण का सही नाम मोहनलाल पुत्र नथमल , किशनलाल पुत्र नथमल है। प्रार्थी के समस्त दस्तावेजात , आम आदमी का आधार कार्ड , मतदाता फोटो पहचान पत्र, परिवार राशन कार्ड आदि सभी में प्रार्थीगण के पिता का नाम नथमल है प्रार्थीगण अपने पिता का नाम राजस्व रिकार्ड में नत्थुराम के स्थान पर नथमल संशोधन करवाना चाहते है प्राथी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावे। परोकार राज ने निवेदन किया की प्रार्थीगण के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के अधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए प्रार्थना पत्र का निस्तारण फरमावे। हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीगण के पिता का नाम नत्थुराम दर्ज है एवं प्रार्थीगण के द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजात मे प्रार्थीगण के पिता का नाम नथमल दर्ज है प्रार्थीगण के पिता नाम के सम्बध में वार्ड पंच के द्वारा तस्दीक पेश की गई। प्रस्तुत दस्तावेजात/तस्दीक के अनुसार प्रार्थीगण के पिता का नाम नथमल होना प्रतीत होता है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात एवं सरपंच ग्राम पंचायत भूकरका की तस्दीक /शपथ पत्र के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 514/527 की कुल 7.0820हैक भूमि में प्रार्थीगण के पिता का नाम नत्थुराम दर्ज है के स्थान पर नथमल संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार को लिखा जाकर पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर (हनुमानगढ) उपखण्ड अधिकारी नोहर प्रशासन गांव के संग अभियान–2021 कैम्प कोर्ट श्योरानी	

Scanned with CamScanner

प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नोहर

क्रमांक : राजस्व / रीडर / 2021 / 41 दिनांक :– 6/10/2021

तहसीलदार राजस्व
नोहर ।

विषय :– प्रकरण संख्या 67 / 2021 अनवानी मुखराम बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के सम्बध मे।

प्रंसग :– अनवान :–

1. मोहनलाल पुत्र नथमल जाति ब्रहाम्ण निवासी नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. किशनलाल पुत्र नथमल जाति ब्रहाम्ण निवासी नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रार्थीगण

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उक्त अनुवानी प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 514 / 527 की कुल 7.0820हैक भूमि में प्रार्थीगण के पिता का नाम नत्थुराम दर्ज है के स्थान पर नथमल संशोधन किये जाने आदेश पारित किये गये है तदानुसार राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाना सुनिश्चित करे।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)
प्रशासन गांव के संग अभियान–2021
कैम्प कोर्ट ....श्योरानी.

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner